Fourteenth Loksabha

Session : 5
Date : 30-08-2005

Participants : Tripathi Shri Chandramani

an>

Title: Need to review the procedure being followed for awarding contract of Pantry car in trains by IRCTC Limited.

श्री चन्द्रमणि त्रिपाठी (रीवा) : अध्यक्ष महोदय, आई.आर.सी.टी.सी.लि0 द्वारा रेल गाड़ियों में जो पैंट्री कार के ठेके दिये जा रहे हैं, उनमें पूरी तरह से पक्षपातपूर्ण ढंग से कार्य किया जा रहा है। कुछ ट्रेनों में रेलवे द्वारा दिये गये ठेकों की अवधि समाप्त हो जाने के बावजूद उनके लिए निविदाएं न मांगकर उनको एडहॉक रिन्युवल बेसिस पर चलाया जा रहा है और उन सबका आबंटन आर.के.ग्रुप एवं चौटई ग्रुप को कर दिया गया है। कुछ अन्य महत्वपूर्ण गाड़ियां जैसे गोवा एक्सप्रेस, मुम्बई-कन्याकुमारी एक्स., पंजाब मेल, पुपक एक्स., बंगलौर-जयपुर एक्स., गोमती एक्स., झेलम एक्स., और कुशीनगर आदि एक्स. गाड़ियों के ठेके बिना निविदा मांगे आई.आर.सी.टी.सी.लि0 द्वारा उपरोक्त दोनों ग्रुपों को दे दिये गये हैं। ऐसा लगता है कि आइ.आर.सी.टी.सी.लि0 जानबूझ कर उक्त दोनों ग्रुपों को लाभ पहुंचाने के लिए सारे नियमों को ताक पर रख रही है।

अतः मेरा अनुरोध है कि आइ.आर.सी.टी.सी.लि0 द्वारा उक्त दोनों ग्रुपों को दिये गये ठेकों की उच्चस्तरीय जांच करायी जाये और इसमें दोाी पाये जाने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जाये तथा जितनी भी गाड़ियों में ठेके एडॅहाक रिन्युवल पर चल रहे हैं, उनके लिए तत्काल निविदायें आमंत्रित की जायें और उनका आबंटन किया जाये।